वी.यू. द्वारा लॉकडाउन में संचार माध्यमों से हो रहा कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण

जबलपुर, 10.05.2020: कुलपति डॉ. एस. पी. तिवारी जी कि अभिप्रेरणा एवं डॉ सुनील नायक संचालक विस्तार शिक्षाध्नोडल अधिकारी के दिशा निर्देशन में लाकडाउन में भी भारतीय कृषि अनुसंधान द्वारा घोषित फार्मर– फर्स्ट परियोजना के अन्तर्गत 6 अंगीकृत ग्रामों में समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसानों के सशक्तिकण का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, जिसके अन्तर्गत नोडल ऑफिसर डॉ. सुनील नयाक, पी.आई डॉ.ए.के. गौर एवं एस.आर.एफ श्री देवेश उपाध्याय के द्वारा छतरपुर निवासी किसान श्री इन्द्र कुमार केवट एवं श्री बर्मन, सरपंच कैलवास ग्राम से कृषि एवं पशुपालन के संबंध में वीडियो कॉल पर चर्चा की गई एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया एवं पशुपालन एवं कृषि उत्पादों के रख–रखाव के बारे में तकनीकी सुझाव दिए गए। किसान भाईयों को वॉट्सएप ग्रुप, फोन कॉल, एस एम एस, के माध्यम से संदेश भेजे गए है एवं वीडियो के माध्यम से पशु पालन एवं कृषि उत्पादों के रख–रखाव के बारे में तकनीकी सुझावों का संचार निरंतर किया जा रहा है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि जबलपुर, (म.प्र.)